# चीनी का निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 72.3 लाख टन

**नई दिल्ली।** चीनी मिलों का निर्यात 30 सितंबर को समाप्त विपणन वर्ष 2020-21 में बढ़कर रिकॉर्ड 72.3 लाख टन पहुंच गया। सबसे ज्यादा निर्यात इंडोनेशिया को हुआ है।

आलोच्य अवधि में 60 लाख टन चीनी का निर्यात सरकारी सब्सिडी के साथ हुआ है, जबकि 7.85 लाख टन का निर्यात बिना सब्सिडी किया गया है। वहीं, इंडियन शुगर एक्जिम कॉरपोरेशन के एमडी-सीईओ अधीर झा ने कहा, 2020-21 के मुकाबले 2021-22 में निर्यात घटकर 50-60 लाख टन रह सकता है। एजेंसी